(c) Yes, Sir. However, CMD, HFC assured that the posts sanctioned for the project and the additional posts to be sanctioned in case of expansion of the project in future, shall continue till the life of ODA funded project.

(d) HFC made no structural deviations contrary to the earlier unuerstanding.

गैर-परम्परागत ऊर्जा के माध्यम से कृषि कार्य में सहायता

*233. **श्री कामेश्वर पासवान** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गैर-परम्परागत ऊर्जा के माध्यम से कृषि कार्य में सहायता प्रदान करने के लिए सरकार क्या प्रयास करने का विचार रखती है या इस समय क्या प्रयास कर रही है ;

(ख) क्या सरकार ग्रामीण किसानों को ऐसे उपकरणों की आपूर्ति को प्रोत्साहन देती है ; और

(ग) यदि हां, तो इस क्षेत्र में सरकार का क्या योगदान या भूमिका है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरूणाचलम) : (क) से (ग) सरकार कृषि और सम्बद्ध कार्यकलापों के लिए अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत आधारित प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है । इसके लिए पानी को खींचने के कार्य में सौर प्रकाशवोल्टीय पम्पों, पवन चक्कियों और बायोमास गैसीफायर पम्पों तथा कृषि उत्पादों को सुखाने के लिए सौर शुष्ककों (सोलर ड्रयरों) के इस्तेमाल को प्रोत्साहन दिया जा रहा है । सरकार द्वारा परिवार आकार के और सामुदायिक आकार के बायोगैस संयंत्रों को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिनमें बायोगैस के अलावा समृद्ध कार्बनिक खाद का भी उत्पादन होता है ।

इन प्रणालियों की लागत में कमी लाने के लिए विनिर्माताओं को रियायती सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क से छूट, शत-प्रतिशत ह्रास और उदार शर्तों पर ऋण जैसे राजकोषीय और वित्तीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं । इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में इन प्रणालियों की संस्थापना के लिए उपयोगकर्ता को आर्थिक राज सहायता और उदार शर्तों पर ऋण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं, इसका ब्यौरा निम्नलिखित है ।

केन्द्रीय सरकार द्वारा उपयोगकर्त्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही प्रणालीवार सहायता

क्रम सं०		आर्थिक राज सहायता	उदार ऋण (अधिकतम)
1	सौर प्रकाशवोल्टीय पम्प		
	(क) 700 वाट तक	150 रुपये वाट 1,50,000 रुपये तक सीमित	50,000 रुपये
	(ख) 701 वाट से 1400 वाट	वही	80,000 रुपये
	(ग) 1401 वाट से 2250 वाट	वही	1,00,000 रुपये
2	अल्पमग्न पवन चक्की		
	(क) परिष्कृत 12 पीयू 500	12,500 रुपये	शून्य
	(ख) सियर टाइप गहरे कुएं	22,500 रुपये	शून्य
3	बायोगैस गैसीफायर पम्पन प्रणाली		
	(क) 5 हार्सपावर	9,000 रुपये	शून्य
	(ख) 10 हार्सपावर	12,000 रुपये	शून्य
4	सौर फसल शुष्क	800 वर्ग मी० संग्राहक क्षेत्र	शून्य
5	बायोगैस संयंत्र		
	(क) परिवार आकार के (1 घन मी०—4 घन मी०)	1,500—3500 रुपये	—
	(ख) सामुदायिक आकार (8 घन मी०—85 घन मी०)	44,000 रुपये—21 लाख रुपये	—